Title : Regarding various railway related issues in Maharashtra

डॉ. हेमंत विष्णु सवरा (पालघर) : सभापति महोदया, मैं मुंबई से वसई विरार और दहानु तक रेलवे विकास कार्यों में तेज़ी लाने का निवेदन करना चाहता हूँ। मुंबई से वसई, विरार और दहानु तक लोकल ट्रेन की फ़्रीक्वन्सी बढ़ाये जाने की आवश्यकता है। वर्तमान समय में मुंबई और दहानु के बीच चलने वाली लोकल ट्रेन की फ्रिक्वेंसी 1-1 घंटे के बाद की है। इसे कम से कम 30 मिनट के अंतराल में या इससे कम किया जाना चाहिए। बोरिवली से विरार के बीच तीसरी और चौथी लेन का कम शुरू हो चुका है, परंतु इसकी रफ़्तार बहुत ही धीमी है। इन कामों में तेज़ी लाया जाना चाहिए।मुंबई से वसई - विरार और दहानु तक कई जगहों पर एफओबी, आरओबी, सबवे और रेलवे क्रॉसिंग बनाने की आवश्यकता है। इसका सर्वे करवा कर जल्द से जल्द काम शुरु किया जाना चाहिए। पालघर रेलवे स्टेशन को रेलवे मंत्रालय द्वारा ?अमृत भारत स्टेशन योजना? के लिए चुना गया था। इसका मास्टर प्लान जल्द से जल्द तैयार कर यात्री सुविधाओं का काम शुरु किया जाना चाहिए। साथ ही साथ मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता कि पालघर रेलवे स्टेशन पर निर्माण कार्यों पर अब तक कितनी प्रगति हुई है और सभी कार्यों को कब तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है